NaiDuniya (Indore), 03rd May 2026, Page-Plus 04

नीट यूजी आज, पेपर शुरू होने से 45 मिनट पहले करनी होगी रिपोर्टिंग

परीक्षा ● 57 केंद्रों पर 23 हजार विद्यार्थी होंगे सम्मिलित, दो स्तर पर होगी चेकिंग

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर रविवार को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले में परीक्षा के लिए 57 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 23 हजार 160 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। महज एक सत्र में परीक्षा रखी गई है। दोपहर दो से शाम पांच के बीच पेपर होगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा को लेकर गाइडलाइन निकाली है। इसके तहत विद्यार्थियों को 30 से 45 मिनट-पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। दो स्तर पर छात्र-छात्राओं की चेकिंग की जाएगी। उसके बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विद्यार्थियों को रिपोर्टिंग करना होगी। फिर केंद्र में प्रवेश बंद किया जाएगा।

शनिवार को जिला प्रशासन ने अधिकांश केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सरकारी-निजी कालेजों के अलावा स्कूलों को भी केंद्र बनाया है। प्रत्येक कक्ष में 24-28 छात्र-छात्राएं बैठेंगे। संस्थान के स्टाफ के अलावा आब्जर्वर और परिवेक्षक भी बनाए गए हैं। साथ ही परीक्षा करवाने वाली एनटीए के अधिकारी भी ड्यूटी देंगे। यहां तक कि केंद्रों पर बिजली सप्लाई के लिए पश्चिमी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने जोनल कार्यालय को व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया है। केंद्रों को भी जनरेटर की व्यवस्था रखने की सलाह दी गई है।

बसों की रहेगी विशेष व्यवस्था : जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के लिए एआइसीटीएसएल की बसों की व्यवस्था की गई है। यह बसें सुबह नौ बजे से बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन से मिलेगी। बसों के चार रूट बनाए हैं, जिसमें सांवेर, आइआइटी सिमरोल, आइआइएम एवं महू तक जाएगी। शाम पांच बजे से परीक्षा के बाद भी बसों की सुविधा रखी गई है।

ये रहेगी व्यवस्था

- सभी परीक्षा केंद्रों पर मेडिकल स्टाफ रहेगा। साथ ही पांच केंद्रों पर एक एंबुलेंस भी खड़ी रहेगी। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए व्हीलचेयर रखनी होगी।
- केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा।
- गर्मी को देखते हुए केंद्रों के बाहर भी टेंट लगाने पर जोर दिया है। परीक्षार्थियों को केंद्र तक छोड़ने आए माता-पिता के लिए पीने के पानी की व्यवस्था रखनी होगी।
- गोपनीय सामग्री को सुरक्षित तरीके से बैंक लाकर से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए विशेष पुलिस एस्कार्ट रखी है।

200 प्रश्न आएंगे पेपर में

परीक्षा आफलाइन पद्धति से रखी गई है। ओएमआर शीट पर सही उत्तर देना होंगे। तीन घंटे चलने वाले पेपर में 200 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसमें विद्यार्थियों को 180 से ज्यादा प्रश्न हल करना है। बायोलाजी में 100 प्रश्न 360 अंक के रखे गए हैं जबकि फिजिक्स और केमिस्ट्री में 50-50 प्रश्नों में से 45-45 के जवाब देना अनिवार्य है। ये 180-180 अंक हैं। प्रत्येक सही जवाब पर विद्यार्थियों को 4 अंक मिलेंगे। हर गलत उत्तर पर एक अंक काटा जाएगा।

यह है गाइड लाइन

- प्रवेशपत्र के अलावा आधार, वोटर या अन्य फोटो आइडी अनिवार्य।
- बायोमैट्रिक पद्धति से एडमिट कार्ड पर लगे फोटो और विद्यार्थियों के चेहरे का मिलान किया जाएगा।
- केंद्रों पर स्मार्ट वाच, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, ईयररिंग, ज्वेलरी सहित अन्य वस्तुएं पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी।
- परीक्षा कक्ष में विद्यार्थी अपने साथ सिर्फ बालपेन, रबर और पेंसिल रख सकते हैं।
- ड्रेस कोड भी रखा गया है, जिसमें हल्के रंग के कपड़े, हाफ स्लीव्स व स्लीपर पहनकर आ सकते हैं।